# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोण्डा में देवीपाटन मंडल के विकास कायां और कानून व्यवस्था की समीक्षा की : निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी किया निरीक्षण।
2. प्रदेश सरकार मीरजापुर में बनायेगी जनजातीय संग्रहालय : जनजातीय समुदाय क खानपान और स्थानीय उत्पादों को मिलेगी पहचान।
3. यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा में 19 रिहायशी ग्रुप हाउसिंग और 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया की शुरू : सितंबर में निकाला जाएगा ड्रॉ।

और

4. सावन के तीसरे सोमवार को प्रदेश भर के शिवालयों में उमड़े भक्त : वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम मं ढाई लाख से अधिक भक्तों ने किये दर्शन।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोण्डा में देवीपाटन मंडल के विकास कार्या और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में तेरह विभागों के कार्यों की प्रगति को परखा गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण करने और अफसरों की जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनटांगिया गांव को राजस्व ग्राम घाषित किया जाए और ग्राम वासियों कोयोजनाओं का लाभ दिया जाए। साथ ही अधिक से अधिक बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जाए। इसके लिए बीएसए के साथ बैठकर जिलाधिकारी रणनीति बनाएं। मुख्यमंत्री ने अवैध खनन रोकने और खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। इसक साथ ही पूरे मंडल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का समुचित निस्तारण कराने के निर्देश दिए गये। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ से खराब हुई फसलों के संबंध में सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने के निर्देश भी दिये। इस दौरान देवी पाटन मंडल के चारों जिलों के सांसद, विधायक और जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने गोंडा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निदेश दिये।

———————————

प्रदेश सरकार के निर्देश पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, शोध और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से मीरजापुर में जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया जायेगा। संग्रहालय के लिए जिला प्रशासन ने भूमि का चयन भी कर लिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश में अभी 15 जनजातियां निवास कर रही हैं। इनकी विरासत को सहेजते हुए इसे आम लोगों तक पहुंचाने के लिए संग्रहालय का निर्माण होगा। संग्रहालय में जनजातीय समुदाय से जुड़े खानपान को बढ़ावा देने के लिए फूड कोर्ट का भी निर्माण कराया जायेगा। यहां पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री होगी और इससे समुदाय को आर्थिक स्वावलंबन भी प्राप्त होगा। जनजातीय समुदाय के परंपरागत वाद्ययंत्र और क्रीड़ा उपकरण भी संग्रहालय में देखने को मिलेंगे। संग्रहालय आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा, जिससे पर्यटक जनजातीय शैली से रूबरू हो सकेंगे।

———————————

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग और इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन के लिए नई स्कीम लेकर आया है। यहां 19 रिहायशी ग्रुप हाउसिंग और 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत

रेजिडेंशियल स्कीम के तहत सेक्टर 18, सेक्टर 17 और सेक्टर 22 डी में प्लॉट प्राप्त कर बिल्डर्स रेजिडेंशियल टाउनशिप डेवलप कर सकेंगे। वहीं, इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के तहत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर 20, सेक्टर 22 ई और सेक्टर डी में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम समेत नर्सरी स्कूलों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से इन स्कीमों के लिए सितंबर में आवंटन प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही सितंबर में ही प्राधिकरण की ओर से 361 रेजिडेंशियल प्लॉट्स के आवंटन का ड्रॉ भी निकाला जाएगा। दूसरी ओर, बैंक्वेट और मैरिज हॉल के लिए 3 प्लॉट्स के आवंटन के लिए ई–ऑक्शन की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत, 32 हजार 375 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर के हिसाब से 19 रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत प्लॉट्स का आवंटन होगा।

————————

बुंदेलखंड रीजन को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए प्रदेश सरकार सोलर पार्क विकसित कर रही है। इसमें झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में सबसे बड़े सोलर पार्क को 9 हजार एकड़ में विकसित किया जा रहा है। यहां 2 हजार मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इससे प्रतिवर्ष 4700 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इसके लिए 32 गांव की लक्षित भूमि को लीज पर

लेने की प्रक्रिया जारी है। वहीं योगी सरकार ने तीनों परियोजनाएं को दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया है। इसके जरिये 18 हजार से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

————————

चित्रकूट के श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में 2023 में हाईस्कूल में टॉप करने वाले पांच छात्रों का बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो भेजा जा रहा है। आगामी 8 अगस्त को इसरो में आयोजित होने वाली एक दिवसीय कार्यशाला में यह छात्र वैज्ञानिकों से मुलाकात कर विज्ञान और अनुसंधान के बारे में शिक्षा प्राप्त करेंगे। इस बारे में खबर मिलते ही छात्रों के अभिभावकों में खुशी की लहर है। स्कूल के प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि चित्रकूट जैसे छोटे जिले से बच्चों का इसरो की कार्यशाला के लिए चयन होना गर्व की बात है। इससे दूसरे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

आज सावन माह का तीसरा सोमवार है। इस पावन अवसर पर प्रदेश भर के शिवालयों में सुबह से ही भक्त दर्शन–पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिरों के साथ ही भक्तों ने घरों में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन करने के लिए सुबह से भक्तों की लम्बी कतारें लगी हैं। इस अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम की फूलों से भव्य सजावट की गई है। मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंदिर प्रशासन के मुताबिक शाम सात बजे तक ढाई लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके अलावा लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ मंदिर, बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर, लखनऊ के मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर महादेव मंदिर समेत प्रदेश भर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिये बड़ी संख्या में भक्त और कांवड़िये पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर

भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। गोरखपुर के अन्य शिव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने हाजिरी लगाई। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...

*गोरखपुर जनपद में श्रावण मास के तीसरे सोमवार पर मानसरोवर मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर व महादेव झारखंडी मंदिर के साथ–साथ पिपराइच स्थित बाबा मोटेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सुबह 4 बजे से ही मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना भोग आरती व श्रृंगार करने के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए। इसके बाद हर हर महादेव व बम बम भोले के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को दूध ,जल ,बेलपत्र ,घी ,भांग, धतूरा इत्यादि अर्पण कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया। इसके साथ ही कांवड़ियों द्वारा जनपद के बड़हलगंज से जल भरकर नाचते गाते सड़क मार्ग से पिपराइच पहुंचकर बाबा मोटेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया गया। भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना से पूरा माहौल भक्ति से शराबोर रहा। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।*

————————————

सीमावर्ती प्रदेशों में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। गंगा नदी फर्रूखाबाद, केन नदी बांदा, शारदा नदी लखीमपुर खीरी, घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे बह रही है। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण पुलिस प्रशासन ने गंगा नदी में सभी बड़ी और छोटी नावों के संचालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। केंद्रीय

जल आयोग के अनुसार वाराणसी में गंगा का जलस्तर 40 मिलीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। ऐसे में कांवड़ियों और भक्तों को घाट के किनारे जाने से रोका जा रहा है।

वहीं मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि कल बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहांपुर, बहराइच, श्रावस्ती और सीतापुर में बारिश की संभावना है।

———————————

अयोध्या में नाबालिग के साथ रेप के मामले में पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ लाया गया है। डॉक्टरों की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच पीड़िता को लखनऊ के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अयोध्या के महिला अस्पताल में पीड़िता को समुचित उपचार देने के लिए पर्याप्त सुविधाओं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में बेहतर इलाज के लिए उसे लखनऊ रेफर किया गया है।

———————————

केंद्र ने कहा है कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कंपनी और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन में निवेश करने वाले 17 हजार 250 दावेदारों को अब तक 138 करोड़ रुपये लौटा दिए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

————————

विदेश मंत्रालय ने बंगलादेश में जारी घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक वहां की यात्रा न करने की सख्त हिदायत की है। मंत्रालय ने परामर्श जारी कर बंगलादेश में सभी भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सतर्कता बरतने और कहीं आने जाने से बचने को कहा है। उन्हें आपात फोन नंबर पर ढाका में भारतीय उच्चायोग के संपर्क में रहने को कहा गया है।

————————

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुखमांडविया ने आज पेरिस ओलंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पेरिस ओलम्पिक्समें भारत के खाते में अब तक तीन पदक आ चुके हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से ओलंपिक्सपर स्मारक डाक टिकट जारी किया जाना खेल और खिलाड़ियों के प्रति भारत के उत्साहऔर समर्थन का प्रतीक है।

————————